हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 ज्ञानदीप स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह



14 अमलीपदर पुलिस द्वारा छात्र छात्राओं को दी गई...








## एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं : कलेक्टर उइके

**राजस्व अधिकारियों एवं मैदानी अमलों को लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर बीएस उइके ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेकर विशेष अभियान चलाकर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्पूर्ण राजस्व प्रकरणों के निराकरण जैसे- भू-अर्जन, अभिलेख कोष्ठ में अभिलेख जमा करने की स्थिति, राजस्व वसूली, स्वामित्व योजना, सभी किसानों का कृषक पंजीयन, आधार एवं मोबाईल नम्बर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं अन्य जनप्रतिनिधि से प्राप्त आवेदनों को नियत समय पर निराकृत करे। समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा। आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरणों की स्थिति एवं लंबित मुआवजा राषि की जानकारी लेते हुए नियमतः कार्यवाही करने को कहा। शासकीय एवं वन भूमि से अतिक्रमण, बेदखली पर उचित कार्यवाही करने को कहा। जिले में आय, जाति, निवास, जन्म प्रमाण पत्रों का सेचुरेषन अभियान चलाए। डिजिटल हस्ताक्षर पटवारी की डिजिटल हस्ताक्षर से अभिलेखों के सत्यापन की जानकारी ली। किसान किताब का आधार प्रविष्टि की स्थिति। भू-नक्शा अद्यतीकरण की ▶▶ शेष पेज 12 पर




### प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखे

कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में राजस्व अधिकारियों एवं मैदानी अमलों को गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए प्रकरणों को अनावश्यक अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। इस दौरान कलेक्टर ने बैठक में हाईकोर्ट में लंबित प्रकरण, शासकीय विभागों को भूमि आबंटन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा, अवैध निर्माण के नियमितीकरण हेतु पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, अवैध कॉलोनी निर्माण पर कार्यवाही, अवैध खनिज उत्खनन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 का क्रियान्वयन एवं अद्यतन प्रगति, चिटफंड कंपनी से संबंधित जानकारी। शासकीय उचित मूल्य दुकान, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र निरीक्षण की जानकारी, पटवारियों की मांग एवं समस्याओं का निराकरण, लंबित अनुकंपा नियुक्ति, स्वेच्छानुदान सहित अन्य प्रकरणों की भी समीक्षा की।

## खबर संक्षेप

### रामधुनी महोत्सव आज से

**छुरा।** ग्राम टोनहीडबरी में इस श्रावण पूर्णिमा पर एक बार फिर गूंजने वाला है श्री श्री 108 टंकेश्वरनाथ जी का जयकारा। जयश्री टंकेश्वरनाथ राम सप्ताह समिति की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 37वें वर्ष का भव्य रामझुनी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। समिति ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह भगवान टंकेश्वरनाथ जी की असीम कृपा और ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से संभव हो रहा है।



आयोजन की शुरुआत 9 अगस्त 2025 (शनिवार) को दोपहर 12 बजे दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना से होगी, जिसके बाद श्रीराम के पवित्र नाम के साथ रामधनी यात्रा का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम का पूर्णाहुति समापन 10 अगस्त 2025 (रविवार) शाम 4 बजे किया जाएगा। ग्रामवासियों की अपील भक्ति की इस अलौकिक यात्रा का हिस्सा बनें, समिति एवं ग्रामवासी टोनहीडबरी, नरतोरा, कानसिंघी, नवगई, रक्सी, केवटीझर, सेंदबहारा, मातरबाहरा, दुल्ला, सारागांव के श्रद्धालुओं ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस आयोजन में शामिल होकर श्रीराम के भजन, झांकियां और भक्ति रस का आनंद लें।इस मौके पर गांव में सजावट, भजन-कीर्तन की धुनें, और झांकी की रंगीन रौनक माहौल को भक्ति से सराबोर कर देगी। स्थानीय कलाकारों और मंडलियों के मनमोहक प्रस्तुतीकरण से यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनेगा।

### विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस का भव्य आयोजन आज

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत गौरगांव के आश्रित ग्राम लाटापारा स्थित हाई स्कूल प्रांगण में आगामी 9 अगस्त, शनिवार को विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां सर्व आदिवासी समाज, राजापड़ाव क्षेत्र द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं। इस आयोजन में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी शामिल होंगे और अपने पारंपरिक सांस्कृतिक गौरव का उत्सव मनाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में लोकेश्वरी नेताम एवं संजय नेताम (जिला पंचायत सदस्य, गरियाबंद) उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि होंगे फूलचंद मरकाम एवं रमूला बाई मरकाम (जनपद सदस्य, मैनपुर)। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील मरकाम (विकास समिति अध्यक्ष) द्वारा की जाएगी।

इस अवसर पर राजापड़ाव क्षेत्र की 8 ग्राम पंचायतों के सरपंच, विकास समिति प्रमुख, झांकर, पटेल, सियान, समाज प्रमुख, ग्राम प्रमुख, शासकीय कर्मचारी, तथा जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के पदाधिकारी और सदस्यगण भी शामिल होंगे।

### खाद्य विभाग ने होटलों से लिए सैंपलों की जांच की

**अभनपुर।** बने खाबो बने रहिबो अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियो ने अभनपुर क्षेत्र के होटल,ढाबा रेस्टोरेन्ट,मिठाई दुकानो मे पहुंचकर खाद्य पदार्थो का सैम्पल लेकर ऑन द स्पॉट जांच कर रहे है,किचन की साफ सफाई से लेकर खाने पीने का सामानो का सेम्पल लेकर जांच के साथ ही नये खाद्य अधिनियम की जानकारी भी दी जा रही है।

**अपराध : पत्नी की गुम होने की दी सूचना, फिर कर दी हत्या**

## दूसरी पत्नी की हत्या कर लाश खेत में फेंकी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम झरियाबहरा में दो दिन पहले एक महिला की लाश खेत में मिलने से सनसनी फैल गई थी। मैनपुर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए महज 24 घंटे के भीतर हत्या की गुत्थी सुलझाकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 6 अगस्त को मैनपुर थाना में ग्राम पेंड्रा निवासी नकुलराम नागेश ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी बेटी उषा बाई यादव (30 वर्ष), जो कि ग्राम झरियाबहरा में अपने पति अमृत यादव के साथ रहती थी, की लाश खेत में मिली है। उषा तीन बच्चों की मां थी। जांच में सामने आया कि अमृत यादव ने वर्ष 2007 में पहली पत्नी मंजू यादव से विवाह किया था, बाद में 11 साल पहले उसने नकुलराम की बेटी उषा से दूसरी शादी की थी। प्रारंभिक वर्षों में दोनों का पारिवारिक जीवन सामान्य था, लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों से विवाद बढ़ने लगे थे। आरोपी ने बताया कि उषा शराब पीने की आदी थी, इसी बात को लेकर अक्सर झगड़े होते थे।

5 अगस्त की रात को अमृत यादव ने नशे में बैठी अपनी पत्नी से पूछताछ की। जवाब न मिलने पर उसने गुस्से में उसके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे चारपाई के कोने से उसकी गर्दन में चोट लग गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद अमृत ने शव को छिपा दिया और रात होने पर उसे खेत में फेंक दिया।




**पुलिस की तत्परता से खुला राज**

हत्या के बाद अमृत ने खुद अपने ससुर के साथ थाने पहुंचकर पत्नी के लापता होने की सूचना दी, लेकिन पुलिस को शक हुआ और कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा**

पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गला घोंटना, दम घुटना और गर्दन की हड्डी टूटना बताया गया है। साथ ही मृतका द्वारा शराब का सेवन करना भी रिपोर्ट में दर्ज है। इसे हॉमिकाइड (हत्या) घोषित किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भा.दं.सं. की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में भेज दिया।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका**

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, उप निरीक्षक नकुल सिंह सिदार, प्रधान आरक्षक हरिश्चंद्र ध्रुव, आरक्षक कोमल धृतलहरे, प्रवीण वर्मा, जितेंद्र परिहार, कमल मरकाम, राजेंद्र गायकवाड़, मोतीलाल भुआर्य समेत थाना मैनपुर स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## हत्या के मामले में फरार आरोपी गरियाबंद पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

थाना पांडुका क्षेत्र में घटित हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गरियाबंद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 04 अगस्त 2025 को प्रार्थी बिसेलाल साहू द्वारा थाना पांडुका में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि चुम्मन लाल साहू की हत्या कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पांडुका में अपराध क्रमांक 59/2025 के तहत धारा 103(1), 331(8), 238(1), 62, 3(5) भा.दं.सं. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था, जिसे पुलिस ने सक्रिय प्रयासों के बाद गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान केशु वर्मा उर्फ केशव वर्मा पिता कोमल राम वर्मा, उम्र 22 वर्ष, निवासी श्रीराम चौक, पटेल पारा, कोपरा, थाना पांडुका, जिला गरियाबंद के रूप में हुई है। पुलिस अभिरक्षा में पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या की घटना में अपनी भूमिका स्वीकार की।



आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे आगे की न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेजा गया। गरियाबंद पुलिस की तत्परता और सजगता से एक गंभीर मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिली है, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में सशक्त संदेश गया है।

### देवगांव व बोरसी चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**फिंगेश्वर।** थाना फिंगेश्वर क्षेत्र के ग्राम देवगांव और बोरसी में हुई चोरी की घटनाओं में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है। पहला मामला ग्राम देवगांव का है, जहाँ प्रार्थी नारायण साहू (उम्र 54 वर्ष) ने 26 जुलाई को थाना फिंगेश्वर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 जुलाई की रात उनके किराना दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाई। सुबह उठने पर देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। गल्ले से 25,000 नकद, अलमारी से 1,50,000 नकद, 02 टिन तेल (कीमत 4,100) और 04 पैकेट चावल (कीमत 6,000) ▶▶ शेष पेज 12 पर


## बारिश से बिजली आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- बिजली विभाग की टीम बारिश में भी डटी

क्षेत्र में पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बारिश और आंधी के कारण कई जगहों पर बिजली के तार टूटकर गिर गए हैं, तो कहीं ट्रांसफार्मर में खराबी आ रही है। इससे मैनपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है। गुरुवार को मैनपुर नगर में लगभग 7 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही, वहीं शुक्रवार को सुबह 4 घंटे तक लगातार बिजली बंद रही। दिनभर बिजली की आंख-मिचौली से लोग परेशान रहे। ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और भी खराब बनी हुई है, जहां कई जगहों पर पूरी रात बिजली नहीं रही।

बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगातार प्रयासरत हैं। वे बारिश में भीगते हुए जंगलों के भीतर जाकर बिजली फॉल्ट तलाश रहे हैं और सुधार कार्य कर रहे हैं।



### अधिकांश क्षेत्रों में बहाल हो चुकी है बिजली

बिजली विभाग के अधिकारी संजीव बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की टीम दिन-रात काम कर रही है। मैनपुर नगर सहित अधिकांश इलाकों की बिजली व्यवस्था बहाल कर दी गई है, शेष स्थानों पर काम जारी है।

## कच्ची व अंग्रेजी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**गरियाबंद।** नया सवेरा अभियान के तहत जिले में अवैध शराब तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में देवभोग पुलिस ने 11.8 लीटर अवैध महुआ और अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी देवभोग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मदांगमुड़ा चौक के पास मुख्य सड़क किनारे एक व्यक्ति शराब बेचने के इरादे से खड़ा है। सूचना की पुष्टि होने के बाद पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी और कामनों नेताम (पिता कपूरचंद नेताम), उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम ▶▶ शेष पेज 12 पर




## एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल 18 से, आपातकालीन सेवाएं भी रहेंगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- प्रदेशभर के 16 हजार से अधिक कर्मचारी करेंगे कार्य का बहिष्कार गरियाबंद से 450 कर्मी होंगे शामिल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों की प्रांतस्तरीय बैठक राजधानी रायपुर स्थित गुरु घासीदास प्लाजा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित मिरी ने की, जिसमें आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद 18 अगस्त 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया गया है। इस बार आपातकालीन सेवाएं भी पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया गया है। गरियाबंद जिले से लगभग 450 एनएचएम कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल होंगे। सभी कर्मचारियों ने सीएमएचओ व सिविल सर्जन को लिखित सूचना देकर आंदोलन में जाने की जानकारी दे दी है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि एनएचएम कर्मचारी बीते दो दशकों से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बने हुए हैं। कोविड-19 जैसी महामारी में ▶▶ शेष पेज 12 पर



**कर्मचारियों की प्रमुख मांगे**

1. संविलियन/स्थायीकरण
2. पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना
3. ग्रेड पे का निर्धारण
4. कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता
5. लंबित 27% वेतन वृद्धि
6. नियमित भर्ती में सीट आरक्षण
7. अनुकंपा नियुक्ति
8. मेडिकल व अन्य अवकाश सुविधा
9. स्थानांतरण नीति
10. 10 लाख का कैशलेस मेडिकल बीमा

**साइबर सेल और सीईआईआर पोर्टल की मदद से मिली सफलता**

## जिला पुलिस ने 57 गुम मोबाइलों को लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

मोबाइल गुम हो जाना आज के दौर में आम बात है, लेकिन उसे वापस पाना मुश्किल होता है। ऐसे में गरियाबंद पुलिस ने असंभव को संभव कर दिखाया है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा की पहल पर साइबर सेल गरियाबंद द्वारा सीईआईआर पोर्टल की मदद से 57 गुम हुए मोबाइलों को खोज कर उनके असली मालिकों को लौटाया गया। गुरुवार, 07 अगस्त 2025 को आयोजित इस विशेष कार्यवाही में जब लोगों को उनका खोया मोबाइल वापस मिला, तो उनके चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलक रही थी। मोबाइल वापसी पर सभी लोगों ने गरियाबंद पुलिस के प्रति आभार जताया और इस प्रयास की सराहना की। सीईआईआर पोर्टल भारत सरकार द्वारा जारी एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से गुम या चोरी हुए मोबाइल के आईएमईआई नंबर के आधार पर उसकी स्थिति और वर्तमान में उसमें चल रही सिम की जानकारी प्राप्त की जाती है। इसी तकनीकी मदद से मोबाइल की पहचान कर उन्हें संबंधित स्वामियों को सौंपा गया।



**खोया मोबाइल वापस मिला, चेहरों पर लौटी मुस्कान**

**मोबाइल फोन गुम होने पर तत्काल दे सूचना-** गरियाबंद पुलिस की यह पहल आगे भी जारी रहेगी। आम जनता से अपील की गई है कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो जाता है, तो वह तत्काल साइबर सेल गरियाबंद या नजदीकी थाना में इसकी सूचना दे। मोबाइल संबंधी विवरण जैसे मोबाइल नंबर, आईएमईआई नंबर, मोबाइल ब्रांड व मॉडल, खोने की तिथि और स्थान, मालिक का नाम, पता, मोबाइल की रसीद और आधार कार्ड साथ लाएं, ताकि त्वरित कार्यवाही की जा सके। गरियाबंद पुलिस की यह सेवा डिजिटल युग में जनसहयोग और भरोसे की मिसाल बनती जा रही है।

## गंभीर बीमारी से जूझते भृत्य को वेतन के लाले

**पैर कटवाना पड़ा, छह माह का वेतन भी लंबित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव (कोरासी)

जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत मड़ेली में बीते 12-13 वर्षों से सेवारत भृत्य जनक राम टाण्डे इस समय गंभीर आर्थिक और शारीरिक संकट से गुजर रहे हैं। एक अज्ञात बीमारी के कारण उन्हें अपना दायां पैर कटवाना पड़ा, जिसके बाद पंचायत से उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। साथ ही, बीते छह माह का वेतन भी अब तक नहीं दिया गया है। जनक राम टाण्डे ग्राम पंचायत में भृत्य पद पर कार्यरत थे और उसी आय से उनका पूरा जीवन-यापन होता था। लेकिन जब बीमारी के कारण ऑपरेशन कराना पड़ा और दायां पैर कटवाना पड़ा, तब से उनका जीवन संघर्षमय हो गया है। न सिर्फ नौकरी ▶▶ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### सशिमं छुरा में रक्षाबंधन एवं संस्कृत सप्ताह का हुआ कार्यक्रम

**छुरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भाई-बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन को हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक राखी बांधी। इस दौरान विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत भाषा में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। भैया-बहनों ने संस्कृत गीत, श्लोक, नाट्य प्रस्तुति एवं भाषणों से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ टीकम मरकाम, हरीश शर्मा, होरीलाल साहू, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, राहुल सिन्हा, गणेशु निषाद, सेवक निषाद, किरण वर्मा, ओम डहरिया, भारती यादव, मैनाज, टेकेश्वरी तारक, अल्का सिन्हा, कविता यदु, कुंती साहू, खुशबू साहू, निधिका शाह, रेखा सोरी, दुर्गा बंजारे, हेमलता नाग, डिगेश्वरी यदु एवं अन्य शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संतोष वर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी शीतल ध्रुव ने अपने उद्बोधन में संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है। यह त्रुटिहीन भाषा है। इसके उच्चारण से कई प्रकार की मानसिक एवं शारीरिक व्याधियाँ दूर होती हैं। यह हमारी सनातन परंपरा की पहचान है और हमें इसे जन-जन तक पहुँचाना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों के उत्साह और सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### पीएमश्री सेजेस खोरपा में हुई विविध स्पर्धाएं

**अभनपुर।** पीएमश्री सेजेस खोरपा में आज पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छग जनसंपर्क अधिकारी एपी सावंत, जनसंपर्क अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, ईई डिवीजन नई दिल्ली संजीत सर, ईई डिवीजन नई दिल्ली श्रीमती नीति मैडम उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यालय के छात्रों द्वारा इको-फ्रेंडली बैग, पेपर फोल्डर, पर्यावरण संरक्षण विषयक मॉडल, पोस्टर, रंगोली एवं अन्य सामग्री का सुंदर प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया, जिससे छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता को और बल मिला।

### घर में पूजा के दौरान हुई मोबाइल की चोरी

**महासमुंद।** नगर के नयापारा में पूजा के दौरान मोबाइल चोरी की खबर सामने आई है. प्रार्थी ने बताया कि पूजा के दौरान एक अनजान व्यक्ति आया था, उसी पर चोरी की आशंका जताई जा रही है। तरूण कुमार साहू पिता तामेश्वर प्रसाद साहू निवासी धरम नगर पचपेड़ी नाका रायपुर ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि 4 अगस्त को वह अपनी दीदी के यहां मंदिर के पूजा कार्यक्रम में शामिल होने ठेठवार भवन वार्ड क्र. 4 नयापारा महासमुंद गया था। पूजा का कार्यक्रम चल रहा था। घर एवं रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग भी शामिल थे. उसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति घर में आया और पूजा में शामिल होने का नाटक कर रहा था, भीड़ का फायदा उठाकर उसने सोफासेट में रखे हुए मोबाईल को चोरी कर ले गया। मोबाइल की कीमत करीब 6 हजार बताई गई। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

**आस्था : झाखर पुजारी मुखिया बैगा सहित हजारों लोगों ने मंडल भीमा जात्रा में की पूजा अर्चना**

# बारिश की कामना को लेकर कांदाडोंगर में मंडल भीमा जात्रा, 84 गांवों के लोग जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- सुबह से देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर बारिश के लिए प्रार्थना का दौर जारी

जिले के मैनपुर विकासखण्ड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में इस वर्ष खंडवर्षा के कारण धान व मक्का की फसलें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। विशेष रूप से अमलीपदर, गोहरापदर, उरमाल और धुरवागुड़ी क्षेत्रों में बारिश की भारी कमी देखी जा रही है। अच्छी बारिश और फसल की कामना को लेकर शुक्रवार को क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल कांदाडोंगर गुढ़ियारी में मंडल भीमा जात्रा का आयोजन किया गया। परंपरागत मान्यता के अनुसार यहां पूजा-अर्चना से वर्षा होती है और खेतों में हरियाली लौटती है। यह कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा, जिसमें 84 ग्रामों के मुखिया, पुजारी, बैगा, सिरहा, झांकर, और हजारों क्षेत्रवासी शामिल हो रहे हैं। पूजा-अर्चना में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, विकास समिति के अध्यक्ष सुनील मरकाम, सेवन पुजारी नंद्रो पुजारी, उमेश पटेल, मुकेश दउ, टिकम पुजारी, मोहित, अमृत कोमर्रा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। इस मौके पर सभी ने देवी-देवताओं से अच्छी वर्षा और फसल के लिए प्रार्थना की।





### पूजा से क्षेत्र में बनी रहती है सुख-शांति

आयोजन में इंदर मांझी, मानसिंह यादव, भजन सिंह पुजारी, जीवनलाल नायक, लक्ष्मण नागेश, पुरन मरकाम, दिलीप पुजारी, देवीसिंह मरई, चैनसिंह मरकाम, अर्जुन मांझी, गोकुल, भगवान सिंह सहित अन्य गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार, पूर्वजों की परंपरा के तहत हर वर्ष बारिश की कामना को लेकर कांदाडोंगर में मंडल भीमा जात्रा का आयोजन किया जाता है। लोगों की मान्यता है कि इस पूजा से अच्छी बारिश, अच्छी फसल और क्षेत्र में सुख-शांति बनी रहती है।

# मेगा पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में गुरूवार को मेगा पालक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पालकों की अत्यधिक उपस्थिति ने इसे विशेष बना दिया। इस अवसर के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के सदस्य एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता एस. आर. सोन तथा उमाशंकर देवांगन रहे। अध्यक्षता प्राचार्य फाखरा खानम दानी ने की। समस्त शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। बैठक में नई शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रियंका शर्मा ने घर के वातावरण की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कुंतम देवांगन ने विद्यार्थियों की दैनिक दिनचर्या पर प्रकाश डाला। मुक्ति साहू ने पालकों से आग्रह किया कि वे बच्चों से प्रतिदिन यह अवश्य पूछें कि आज आपने क्या सीखा? शिवनंदन देवांगन ने विद्यार्थियों को संवाद में सहज बनाने, स्वास्थ्य एवं पोषण पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। महेश कंसारी ने शैक्षणिक प्रगति व परीक्षा प्रणाली पर चर्चा की। सोमा शर्मा ने बस्ता रहित शनिवार के महत्व को रेखांकित किया। विनोद साहनी ने न्योता भोजन विषय पर विचार रखे। शिवशंकर चौहान ने प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्रीसोन ने पालकों एवं शिक्षकों दोनों से जिम्मेदारी निभाने की अपील की। वहीं विशिष्ट अतिथि श्री देवांगन ने पालकों से अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। संस्था प्रमुख फाखरा खानम दानी ने सभी पालकों से आग्रह किया कि वे व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर बच्चों से संबंधित समस्याएं साझा करें, जिससे उन्हें समुचित समाधान मिल सके। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन विजय गिलहरे द्वारा किया गया।

# बहादुर सीआरपीएफ भाइयों को राखी बांधना गर्व की अनुभूति : योगिता

**स्टेला फाउंडेशन की बहनों ने सीआरपीएफ जवानों को बांधी राखी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



स्टेला वेलफेयर फाउंडेशन की बहनों ने नवा रायपुर अटल नगर स्थित सीआरपीएफ कैंप में पहुंचकर सुरक्षा बल जवानों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। स्टेला फाउंडेशन की बहनों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया। बटालियन के जवान देश की सुरक्षा में घर से दूर सुदूर एवं बीहड़ इलाकों में तैनात है। महीनों घर से दूर रहकर देश की सुरक्षा में लगे हुए है। स्टेला वेलफेयर फाउंडेशन ने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए कैंप के जवानों के बीच पहुंचकर राखी का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर स्टेला फाउंडेशन की योगिता सिन्हा एवं पूजा सायरानी ने जवानों को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व की बधाई दी। योगिता सिन्हा ने कहा कि सीआरपीएफ के जवान हमेशा देश की सुरक्षा में निडरता एवं साहस से खड़े रहते है। उन भाइयों सर्वप्रथम राखी बांधकर बहन होने का फर्ज़ निभाया है। देश की आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा की जवाबदारी सीआरपीएफ सुरक्षा बलों की है। सुरक्षा बलों के हौसले एवं शौर्य के बदौलत आज हर भारतवासी बेफिक्र एवं निश्चिंत होकर जीवनयापन कर पा रहा है। हमे खुशी है कि सुरक्षा बल के भाइयों के हाथों में राखी बांधने का सौभाग्य स्टेला वेलफेयर फाउंडेशन की बहनों को प्राप्त हुआ है। सुरक्षा बल के भाइयों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाकर हमे गर्व महसूस हुआ है। साहसी भाइयों से मिलकर उत्साहवर्धन हुआ। बहादुर जवान देश सुरक्षा की रीढ़ है। इस अवसर पर सीआरपीएफ के कमांडेंट सरदार सिंह, संतोष कुमार, सीआरपीएफ सुरक्षा बल के जवान एवं स्टेला फाउंडेशन की बहने योगिता सिन्हा, पूजा सायरानी, राखी इसरानी, मनीषा आठवानी , राधिका, पूनम, रितिका उपस्थित रही।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पालक शिक्षकों का सहभागी बनें : साहू

**अभनपुर।** राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार व कलेक्टर रायपुर के मार्गदर्शन में 7 अगस्त को विधायक अभनपुर इन्द्र कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य एवं उपस्थिति में पी एम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम स्कूल अभनपुर में विकास खंड स्तरीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र कुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा है कि पालकों को शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों में सहभागिता देनी चाहिए , कार्यक्रम के आयोजक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनेश्वरी साहू ने अपने संबोधन में कहा है कि बच्चे फूलों कि तरह होती है जिसके विकास के लिए दो माली कि आवश्यकता होती है एक है शिक्षक और दूसरा है पालक इन दोनों के प्रयास से ही हम पौधे रूपी बच्चों का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं आए हुए अतिथियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा द स्कूल पैरेंट्स बुक उपहार स्वरूप दिया गया ,साथ ही कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उद्देश्य को भी पालकों को बिन्दु वार समझाया गया।

# भाजपा मंडल राजिम में हर घर तिरंगा को लेकर हुआ कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

आज भाजपा मंडल राजिम द्वारा यादव धर्मशाला राजिम में घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता छग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि बूथ एवं शक्ति केंद्र में भव्य तिरंगा यात्रा एवं प्रत्येक घरों में तिरंगा लगाने आह्वान किया। कहा कि यह अभियान न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान और आदर को बढ़ावा देता है, बल्कि देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देना है। लोगों में देशभक्ति की भावना को जगाने और उन्हें तिरंगे के प्रति सम्मान और आदर के लिए प्रेरित करता है। इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में 60 लाख घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है। राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि 15 अगस्त के अवसर पर हम सभी को अपने घरों में और प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराना है। तिरंगा यात्रा एक ऐसा आयोजन है जो हमारे देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है। यह यात्रा हमें हमारे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को बढ़ावा देती है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम अपने देश के इतिहास, संस्कृति और मूल्यों को याद करते हैं। यह यात्रा हमें हमारे देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों की याद दिलाती है। आइए, हम तिरंगा यात्रा में शामिल हों और अपने देश के प्रति अपने प्यार और सम्मान को प्रदर्शित करें। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपने देश के संविधान और कानूनों का सम्मान करें और देश के विकास में योगदान करें।



### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष डा.रामकुमार साहू ,जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू ,न.प अध्यक्ष महेश यादव,राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, नप उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,मंडल महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया,मंडल उपाध्यक्ष भारत सिन्हा, नारायण साहू, कमल नारायण देवांगन, सुकून साहू, मंडल मंत्री राजेश परमार, मीना ध्रुव,लोकेश सोनी, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, वरिष्ठ नेता आशीष शिंदे, प्रदीप जैन,लाला साहू,संजीव साहू, सोमनाथ पटेल, पुरन यादव, ऋषि दुबे, ओंकार साहू, देवकी साहू,मधु नथानी, ममता यादव,वीरेंद्र साहू, युवराज पटेल, छन्नू साहू, सभापति कुलेश्वर साहू,आकाश राजपूत,भारत यादव, अजय पटेल, गोविंद पाल,जिनेंद्र साहू,प्रवीण पुष्पाकर,आनंद साहू, मंतुराम साहू, जगत साहू, टीकम सेन, तेजेश्वर सेन, दुर्गेश धीवर, बादल साहू, परमेश्वर विश्वकर्मा, तुकाराम तारक, राधेश्याम सोनी,बलराम भगत, श्याम साहू, हरक साहू, रमेश साहू, रोमन बंजारे, राजकुमार साहू, ओमप्रकाश रात्रे सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पूर्व विधायक पुजारी ने ली बैठक



**मैनपुर।** भाजपा राष्ट्रीय प्रदेश एवं जिला भाजपा संगठन के निर्देशानुसार आज भाजपा मंडल गोहरापदर के श्री दुर्गा मंच में हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा के विषय में आवश्यक बैठक आहूत की गई थी जिसमें मोर तिरंगा मोर अभियान को सफल बनाने हेतु मंडल वक्ता पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी एवं भागीरथी मांझी प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा द्वारा बैठक में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में पुनीत राम सिंन्हा, पूर्व जिला महामंत्री गुरू नारायण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष भोजराज सिंन्हा, मंडल अध्यक्ष रामेश्वर सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष खगेश्वर नायक, उमरिया नागेश, भुवनेश्वर मांझी, सुरेंद्र दास, डोमार कश्यप, हेमनाथ यादव, दीपचंद कश्यप, तान सिंह मांझी, नवल-किशोर मांझी, राजकुमार अग्रवाल, नोकेचंद दास, चौन सिंह कश्यप, प्रकाश कश्यप, राजेन्द्र यादव, हलधर साहू, छगन लाल, नागेश, भूतेश्वर नागेश, गोपीनाथ बिसी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन लंबोदर साहू महामंत्री द्वारा किया गया।

# एक पेड़ मां के नाम, सेलून संघ नवापारा ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नगर सेलून संघ एवं सेन महिला मंच द्वारा एक पेड़ मां के नाम' लगाने का संकल्प लेकर पौधारोपण करने का निर्णय ग्राम पंचायत तर्री में लिया गया। जिसके तहत ग्राम पंचायत के अधीन आरक्षित भूमि में पौधारोपण किया गया। सबसे पहले सेन भवन सोमवारी बाजार में ग्राम पंचायत तर्री के सरपंच लता-लखन सिन्हा,समाजसेवी डॉ. मोहन सोनकर एवं अध्यक्षता संतूराम सेन ने संत श्री शिरोमणि सेन महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान सेन समाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच लता-लखन सिन्हा ने जलवायु परिवर्तन होने की मुख्य वजह लगातार वनों की घटती संख्या और अंधाधुंध पेड़ों की हो रही कटाई को बताया। पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ लगाने की महत्त्व को समझाया और अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने का आव्हान किया। लता-लखन सिन्हा ने सेन समान द्वारा प्रतिवर्ष पौधारोपण करने की सराहना की और पौधारोपण हेतु ग्राम पंचायत तर्री का चयन करने के लिए सेन समाज की तारीफ किया और सेन समान को सहर्षपौधारोपण करने के लिए आमंत्रित किया। समाजसेवी डॉ.मोहन सोनकर ने आम लोगों के स्वास्थ्य में होने वाले अनेक समस्याओं की मुख्य वजह प्रदुषित वायु एवं वतावरण में होने वाले प्रदुषण को बताया। भविष्य में होने वाले विनाशकारी प्रभाव को रोकने के लिए अधिक से अधिक पेड़लागने का आग्रह कर अपने आसपास का वातावरण शुद्ध करने का आग्रह किया। अध्यक्ष संतुराम सेन ने मां के नाम एक पेड़ लगाकर माँ की तरह देखभाल कर पेड़ो की सेवा करने से जीवन सफल हो जाता है और पौधा बड़ा होकर उसकी छाँव में मां के आंचल में होने का एक अहसास होने की बात कही। महिला मंच की अध्यक्ष ने पौधारोपण में शामिल समस्त अतिथियों एवं सेन समान के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और ग्राम पंचायत तर्री पहुंचकर सभी ने अपने अपने मां के नाम पौधा रोपण किया। सेन समाज के यूवराज सेन अपनी बेटी कु-दिव्यांजली के 16 वर्ष पूर्ण होने पर 16 पौधा अपने हाथों से पौधे लगाया। कार्यक्रम को सफल बनाने और एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए मुख्य रुप से अध्यक्ष संतूराम राम, उपाध्यक्ष चंदन सेन, विजय सेन, देवेन्द्र सेन, शंकर सेन, गोविंद सेन, भीषम भंडारी, अनिल सेन, आनंद सेन, युवराज सेन, रमन श्रीवास, आनन्द दिवाकर, गिरधारी सेन, केशव सेन, रिंकू सेन, राजू जीवन सेन, संजय सेन, नीलू सेन, गोपाल गोलू सेन, प्रमोद सेन, रोहित सेन, खेमू सेन, मोतीलाल सेन, साधना सौरज, निशा सेन, भारती सेन, पूजा सेन, लक्ष्मी सेन, टिकेश्वर सेन, रितु सेन, सुनीता सेन, सोनिया सेन, ममता सेन, उर्वसी सेन, सोहद्रा सेन मौजूद रहे।

पेज 11 के शेष...

### एग्रीस्टेक पोर्टल में...

स्थिति। राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार प्रकरणों का निराकरण की स्थिति। भू-बंटन रिकार्ड दुरुस्ती की जानकारी ली। साथ ही स्वामित्व योजना एवं एग्री स्टेक अंतर्गत किसानों के पंजीयन की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का शत प्रतिशत पंजीयन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी कृषि विभाग से समन्वय कर अभियान चलाकर किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेक में करवाए। किसानों के पंजीयन होने से उन्हें आगामी सत्र में समर्थन मूल्य में धान बेचने में सहुलियत होगी। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि एसडीएम एवं तहसीलदार-नायब तहसीलदार न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर तेजी से निराकृत किया जाए। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, श्री नवीन भगत सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

### देवगांव व बोरसी चोरी ...

चोरी हो गए थे। मामले में अपराध क्रमांक 233/2025 के तहत धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस दर्ज कर जांच शुरू की गई। दूसरा मामला 6 अगस्त को सामने आया जब ग्राम बोरसी निवासी श्रीराम देवांगन (उम्र 57 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके होटल में चोरी हुई है। होटल का स्टोर रूम का ताला टूटा मिला और अंदर रखी गुल्लक से 80,000 नकद चोरी हो गया था। इस पर अपराध क्रमांक 241/2025 के तहत धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस दर्ज की गई। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बोरसी के मिथलेश निषाद और एक विधि से संघर्षरत बालक के पास अचानक अत्यधिक पैसे आ गए हैं, जिसे वे शराब व विलासिता की चीजों में खर्च कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने देवगांव और बोरसी में चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 65,000 नकद, 1 टिन मनभावन कंपनी का तेल और 1 पैकेट शुभम एचएमटी चावल बरामद कर जब्त किया है। आरोपी मिथलेश निषाद (उम्र 18 वर्ष, निवासी बोरसी) और विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध हैं। थाना फिंगेश्वर पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

### कच्ची व अंग्रेजी शराब...

कालीमाटी, थाना देवभोग को गिरफ्तार किया। **आरोपी के पास से निम्न वस्तुएं बरामद हुईं-** 10 लीटर कच्ची महुआ शराब (2 जरीकेन में), 6 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की (प्रत्येक 180 एमएल), 4 नग रॉयल लिजेंडर व्हिस्की (प्रत्येक 180 एमएल) कुल बरामद शराब की मात्रा 11.800 लीटर और बाजार कीमत लगभग 2,460 आंकी गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी शराब रखने या बेचने संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके आधार पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।इस कार्रवाई में थाना देवभोग पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त कार्यवाहियाँ आगे भी जारी रहेंगी।

### एनएचएम कर्मचारियों की...

भी उनकी भूमिका अहम रही, बावजूद इसके अब तक वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। **राजनीतिक समर्थन, अब मौन क्यों ?-** संघ के जिलाध्यक्ष अमृत राव भोसले, भूपेश साहू, भूपेंद्र सिन्हा ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, विजय शर्मा और केदार कश्यप जैसे कई बड़े नेता पूर्व में कर्मचारियों के मंचों पर आकर समर्थन जता चुके हैं। मोदी की गारंटी वाले चुनावी वादों में भी नियमितीकरण का आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद डेढ़ सालों में 155 से ज्यादा ज्ञापन सौंपने के बाद भी कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। संघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अगर सरकार ने अब भी संवाद नहीं किया तो प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ठप हो सकती है। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी।

### गंभीर बीमारी से...

चली गई, बल्कि लंबित वेतन पाने के लिए उन्हें पंचायत के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जनक राम ने बताया कि यह मामला पूर्व सरपंच के कार्यकाल का है, और अब तक उन्हें उनके छह माह का वेतन नहीं मिला है। वहीं वर्तमान सरपंच का कहना है कि पेमेंट ऑनलाइन दर्ज है और उनके खाते में ट्रांसफर दिखा रहा है। वर्तमान सरपंच ने यह भी कहा कि, जाओ पूर्व सरपंच-सचिव से पूछो, मुझे हिसाब में नहीं मिला तो कहां से दूंगा? जनक राम टाण्डे ने अब जनपद सीईओ, जिला सीईओ और कलेक्टर से अपील की है कि उन्हें जल्द से जल्द उनका बकाया वेतन दिलाया जाए ताकि वे इस कठिन समय में कुछ राहत पा सकें।

खबर संक्षेप



## ज्ञानदीप स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह

**नवापारा-राजिम।** शुक्रवार को ज्ञानदीप शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रतिनिधि दयालुराम गाड़ा थे। उनके द्वारा सरस्वती माता के छाया चित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम कों प्रारम्भ किया गया। अतिथि के स्वागत स्कूल के नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं ने तिलक लगाकर पुष्प भेंटकर किया सभी निर्वाचित विद्यार्थी को अतिथि द्वारा जिसमें कन्या भारती अध्यक्ष वंशिका कर्नल, उपाध्यक्ष दक्ष देवांगन, अनुशासन प्रभारी हेमा साहू ,महिमा ध्रुव ,सांस्कृतिक प्रभारी शिवानी भोई ,नाजनीन कौसर ,खेलकूद प्रभारी लक्ष्मी साहू ,अरमान रजा ,साहिल देवांगन ,स्वछता प्रभारी दीपिका साहू ,रूबी सोनी ,चिकित्सा विभाग प्रिन्स ,खुशबू ,प्रार्थना प्रभारी निशा कंसारी ,क्षमा निर्मलकर ,श्रेया शर्मा को शपथ दिलाते हुए तिलक लगाकर उनका स्वागत कर विद्यार्थी जीवन के पल को साझा किया गया। इस दौरान अतिथि ने कहा कि अनुशासन और पढ़ाई विद्यार्थी जीवन का लक्ष्य होना चाहिए किसी भी कठिनाइयों का सामना मिलजुलकर करना चाहिए। अपने से बड़ो माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करने के साथ स्कूल के प्रति समर्पित भाव से हर गतिविधि में शामिल होकर स्कूल सहित अपने भारत भूमि का नाम रोशन करें। आचार्य चेतन चौहान, अशोक तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया और सभी छात्र-छात्राओं कों सुभकामनाएं दिया।

**अभियान :** सार्वजनिक और ऐतिहासिक स्थानों को साफ रखने में सहयोग की अपील की

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता थीम पर छुरा नगर पंचायत का अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नगर पंचायत छुरा ने राष्ट्रभक्ति और नागरिक जिम्मेदारी को जोड़ते हुए हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता थीम पर विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं जागरूक बनाना है। अभियान की शुरुआत वार्ड क्रमांक 07 में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थल से की गई, जहां नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर विशेष सफाई की। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और उन्हें सफाई के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया। स्वतंत्रता दिवस केवल झंडा फहराने का दिन नहीं, बल्कि देशप्रेम को कार्य रूप में



बदलने का अवसर है। स्वच्छता भी राष्ट्रसेवा है, जिसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने नगरवासियों से अपने-अपने वार्डों, सार्वजनिक स्थलों और ऐतिहासिक स्थानों को साफ-सुथरा रखने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन, सभापति चित्ररेखा ध्रुव, बलराज पटेल, दुलम बाई, लीना दुबे, समाजसेवी शीतल ध्रुव, पीआईयू विष्णु निर्मलकर, सहायक राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, कैशियर वीरेंद्र ठाकुर, लेखापाल जितेंद्र पाटकर, धनेश्वर नाग, मनोज दुबे, मिथलेश सिन्हा, कमलेश सिन्हा, शोएब अली, परमेश्वर सिन्हा, मेघराज यादव, दानेश्वर निर्मलकर, वेदप्रकाश मरकाम और नगर की स्वच्छता दीदियां सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

अभियान के तहत आने वाले दिनों में छुरा नगर के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। आगामी शुक्रवार को जय स्तंभ चौक में विशेष सफाई अभियान निर्धारित है।

## भूतेश्वरनाथ परिसर में चला स्वच्छता अभियान और तिरंगा के सम्मान में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज जिले के दार्शनिक एवं पर्यटक स्थल भूतेश्वरनाथ मंदिर परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, सरपंच अनसुईया ध्रुव सहित जिले के अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भूतेश्वरनाथ मंदिर परिसर एवं विभिन्न जगहों के आसपास साफ-सफाई की। साथ ही कचरों का संकलन कर उनका उचित निष्पादन भी किया। स्वच्छता का कार्यक्रम स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों के नेतृत्व में व्यापक रूप से चलाया गया।



कार्यक्रम के दौरान लोगों को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, नशामुक्ति, स्वच्छता के संग थीम का महत्व बताते हुए तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान के महत्व को बताया।

**गंदगी नहीं करने का दिलाई शपथ-** इसके अलावा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। ताकि समाज के लोगों में नशे की कुरीतियों से मुक्ति मिल सके। यह अभियान वर्ष 2020 में प्रारंभ किया गया था और इस वर्ष यह अपने पांच वर्ष पूर्ण कर रहा है. जो अपने-आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रखर चन्द्राकर ने उपस्थित जन समुदाय को स्वच्छ सुजल गांव एवं नशामुक्ति के लिए संकल्प दिलाते हुए कहा कि स्वच्छता को अपने स्वभाव एवं संस्कार में लाने स्वच्छता के प्रति सजग होने घर-गांव और शहर आसपास सूखा कचरा एवं गीला कचरा का सही निष्पादन, जल संसाधनों का सुरक्षित उपयोग करने, सिंगल यूज वाले प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, गंदगी नहीं करने का शपथ दिलाया। इसी तरह नशापान मुक्त भारत नशा पीड़ितों से संपर्क कर उन्हें नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने की संकल्प दिलाई गई।



## पाण्डुका के नवोदय विद्यालय के दो छात्रों राष्ट्रीय स्तर पर चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, पाण्डुका के दो प्रतिभाशाली छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में चयनित होकर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा कु. विधी दीवान, जो लटरल एंट्री सेलेक्शन टेस्ट के माध्यम से नवोदय विद्यालय में चयनित हुई थीं, राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता पीएम श्री स्कूल जेएनवी ग्वालियर (मध्यप्रदेश) में आयोजित की जाएगी। वहीं, कक्षा 10वीं के छात्र मास्टर हरीश कुमार पांडे ने अपनी प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया है। वे आगामी दिनों में पीएम श्री स्कूल जेएनवी अनुगुल, ओडिशा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यह गौरवशाली उपलब्धि प्रधानाचार्य महिमा सिन्हा के प्रेरणादायी मार्गदर्शन एवं समस्त शिक्षकों के समर्पित सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण एवं समस्त छात्र-छात्राएं दोनों चयनित विद्यार्थियों पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। विद्यालय ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्मानित कर यह संदेश दिया कि मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन के साथ किसी भी मंच पर सफलता पाई जा सकती है।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में हुई राखी मेकिंग प्रतियोगिता

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी संकाय द्वारा रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक जुड़ाव का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने पारंपरिक एवं आधुनिक शैलियों को समाहित करते हुए पर्यावरण के अनुकूल सामग्री का उपयोग कर आकर्षक राखियों का निर्माण किया। इन राखियों में रंग-बिरंगे धागे, मोती, मिरर वर्क, हस्तशिल्प और अन्य सजावटी वस्तुओं का खूबसूरत मेल देखा गया।



इस अवसर पर कुलपति प्रो. आनंद महलवार ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा की ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता को व्यक्त करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। हमारी छात्राएं नारी सशक्तिकरण की प्रतीक हैं और उनकी बनाई गई राखियां परंपरा और नवाचार के सुंदर समन्वय का प्रतीक हैं। कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल ने भी आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास, सृजनात्मक सोच और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को विकसित करती हैं। प्रतियोगिता में भूमिका, चमेली, नंदनी और डिगेश्वरी बघेल ने विशेष रूप से आकर्षक राखियां बनाईं। प्रतियोगिता के अंत में श्रेष्ठ राखियों को पुरस्कृत किया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।








संकलनकर्ता: शेख हसन खान, संवाददाता मैनपुर, मो. 9179680573, 6260553176

## खबर संक्षेप

### अमलीपदर पुलिस द्वारा छात्र छात्राओं को दी गई जानकारी



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर में शुक्रवार को स्कूली छात्र-छात्राओ को थाना का भ्रमण करवा कर थाना में कैसे कार्य किया जाता है इसकी जानकारी दी गई। साथ ही कानून के संबंध में बताया गया। इस दौरान थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम, जनपद सदस्य निर्भय ठाकुर, मनीश सिन्हा, संजय दुबे, पंकज मांझी, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधान आचार्य राजेश चक्रधारी, बंशी साहू, हेमंत एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान की स्वीकृति से शिक्षकों में हर्ष : मिश्रा

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने बताया कि विगत वर्ष में तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से शिक्षक संघ ने मिलकर गरियाबंद



जिले में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान खोलने की मांग की थी जो कि राज्य शासन ने इस मांग को अब पूर्ण कर दिया है जिसे जिले के शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि अब विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण के लिए रायपुर ना जाकर शिक्षक अपने जिले में ही प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। साथ ही साथ जो विद्यार्थी डी एड करना चाहेंगे वे अब गरियाबंद में ही डीएड की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने सीएम विष्णुदेव साय, तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल राजिम विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा, सचिन आत्माराम साहू ,किशोर निर्मलकर, वायपी गोस्वामी, राजेंद्र नाग, धर्मेंद्र ठाकुर शामिल है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ राजिम के विधायक रोहित साहू से राजिम में ही जिला प्रशिक्षण संस्थान खोलने की मांग पहले भी कर चुके हैं।

### कोडर से सिंचाई के लिए पानी छोड़ने की मांग

**महासमुंद।** भाजपा के सक्रिय सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने किसानों की समस्या को देखते हुए कलेक्टर को पत्र लिखकर तत्काल कोडर बांध से पानी जारी करने का मांग की है।

## निधन

### फूलबती साहू

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम बम्हनी निवासी 90 वर्षिय फूलबती साहू



का निधन 8 अगस्त को हो गया। उनके अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में साहू समाज एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। घासिया राम साहू, हुलास राम साहू, यादराम साहू पंच राम साहू, सालिक राम साहू की माता थी।

**समस्या :** सुविधाओं के अभाव में पर्यटक परेशान

# सिकासार जलाशय 16 किमी सड़क गड्ढों में तब्दील, लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल सिकासार जलाशय इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 28 किलोमीटर दूर स्थित इस खूबसूरत स्थल पर रायपुर, धमतरी जैसे बड़े शहरों से सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। लेकिन सुविधाओं के अभाव और बदहाल सड़कों के चलते पर्यटकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे बड़ी समस्या नेशनल हाईवे 130-सी से धवलपुर होते हुए सिकासार तक की 16 किलोमीटर लंबी जर्जर सड़क है। इस मार्ग में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आए दिन दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को इसी मार्ग में एक बोलेरो वाहन फिसलकर पेड़ से टकरा गया, जिससे तीन लोग घायल हो गए। पर्यटकों ने बताया कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि टायर पंचर होना आम बात हो गई है। कई बार गिट्टी और मिट्टी निकल जाने से वाहन बीच रास्ते में फंस जाते हैं, जिससे यात्रियों को जंगलों के बीच मीलों पैदल चलना पड़ता है।



### स्थानीय प्रशासन से मांग

पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि सिकासार जलाशय तक की सड़क का जल्द से जल्द मरम्मत किया जाए। साथ ही, पर्यटकों के लिए शेड, पेयजल और विश्रामगृह की व्यवस्था की जाए, ताकि यह खूबसूरत पर्यटन स्थल सुरक्षित और सुविधाजनक बन सके।

### खाना और विश्राम की व्यवस्था भी नहीं

पर्यटकों का कहना है कि सिकासार जलाशय का प्राकृतिक सौंदर्य बेहद आकर्षक है, लेकिन सुविधाओं का अभाव उनकी यात्रा को तकलीफदेह बना देता है। रायपुर और धमतरी से आई युवतियों कुमारी कुमु, प्रीती, अंजली, इंदु, भावना और अनिता ने बताया कि यहां न तो खाने की व्यवस्था है और न ही बारिश से बचाव के लिए कोई शेड। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में डेम और झरनों का दृश्य मन को मोह लेता है, लेकिन पर्यटक बच्चों के साथ खुले में, पेड़ के नीचे खाना बनाने को मजबूर हैं। न तो पेयजल की सुविधा है और न ही कोई विश्रामगृह।



# बेलाट नाले पर 3.95 करोड़ रुपए से बनेगा पुल 36 गांवों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। बेलाट नाला पर पुल निर्माण के लिए शासन से 3 करोड़ 95 लाख 77 हजार रुपये की स्वीकृति मिल गई है, जिससे क्षेत्र के लोगों में उत्साह की लहर है। लंबे समय से यह पुल निर्माण स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों की प्राथमिक मांग रही थी। बेलाट नाला पर पुल निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र की जनता विगत 30 वर्षों से संघर्षरत थी। हर चुनाव में यह मुद्दा प्रमुखता से उठता रहा, लेकिन समाधान नहीं हो पाया था। अब पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद 36 गांवों और ओडिशा से आवाजाही करने वाले हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

**पुल निर्माण का टेंडर खुला, जल्द शुरू होगा कार्य-** बेलाट नाला में पुल निर्माण के लिए 3.95 करोड़ रुपये की लागत से मेसर्स कैलाश अग्रवाल के नाम पर टेंडर स्वीकृत हो चुकी है। अब बारिश समाप्त होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। इससे आवागमन सुगम होगा और मानसून में नदी पार की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

### विधायक जनक ध्रुव की पहल रंग लाई

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव के अथक प्रयासों से यह सपना साकार हो



सका है। उन्होंने न केवल विधानसभा में इस विषय को दो बार उठाया बल्कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर पुल निर्माण की मांग रखी थी। उनकी पहल पर विभागीय अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव शासन को भेजा था। विधायक ध्रुव ने बताया कि यह पुल निर्माण उनकी विधानसभा चुनाव की पहली प्राथमिकता थी, जिसे अब मूर्त रूप मिलने जा रहा है। उन्होंने पुल निर्माण की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्रियों के प्रति आभार जताया है।

### क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस निर्णय का स्वागत किया है और इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया है। अब लोगों को उम्मीद है कि वर्षों से चली आ रही आवागमन की गंभीर समस्या का अंत होगा और गांवों का संपर्क मार्ग सुरक्षित एवं सुलभ बनेगा।

# परसदा स्कूल में पालक शिक्षक की मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

प्राथमिक शाला परसदा में पालक एवं शिक्षकों का संवाद एवं मासिक बैठक रखा गया जिसमें गांव के सरपंच रमेश वर्मा शाला विकास समिति के अध्यक्ष टिकू यादव, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक दुलेश्वरी साहू सभी बच्चों के पालक एवं शाला विकास समिति के सदस्य उपस्थित हुए। प्रधानपाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक पालक संवाद करने से बच्चों के स्वर्णिम विकास के बारे में चर्चा उनके अभ्यास की जानकारी एवं शिक्षकों के बीच मधुर संवाद संपन्न होते हैं साथ ही बच्चों के पढ़ाई लिखाई एवं खेलकूद के प्रति रुचि तथा स्कूल की सफाई व्यवस्था एवं अन्य गतिविधि में इस मासिक बैठक में एक दूसरे के विचार को समझा जा सके ताकि बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए कुछ विशेष चर्चा हो सके। ऐसा संवाद एवं



मासिक बैठक में हमेशा होना चाहिए। सभी शाला विकास समिति सदस्य एवं पालक उपस्थित हमारे स्कूल के लिए अनिवार्य है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष टिकू यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार की भी जरूरत है क्योंकि प्राथमिक स्तर के ही बच्चों में मानसिक रूप से समझने ग्रहण करने की एक अच्छी आयु होती है। प्रधानपाठक ने बताया कि बच्चों को जो होमवर्क दिया जाता है उसे घर में जाकर एक बार बच्चों को समझाएं तथा उसके पढ़ाई लिखाई में समय निकालकर अपना योगदान दें। स्कूल की समस्या को अवगत कराते हुए टीकू यादव ने बताया कि चौथी क्लास का कक्षा जर्जर हो चुका है, छत निर्माण की जरूरत है एवं बच्चों के खाना खाने के लिए थाली की जरूरत है। इस पर सरपंच रमेश वर्मा ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही स्कूल की जो भी समस्याएं है उसे पूरा करेंगे। सभी शिक्षक ,पालक द्वारा स्कूल के गतिविधि साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया जिसमें सभी पंचायत प्रतिनिधि वह शिक्षक पालक संतुष्ट हुए स्कूल की व्यवस्था को देखकर साथ ही साथ 15 अगस्त की ध्वजारोहण की तैयारी की चर्चा हुआ। बैठक में शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष मनीषा खिलवारे, मोहन साहू ,हरिश्चंद्र साहू ,राम खिलवारे सहित प्राथमिक शाला के स्टाफ उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारा शान व अभिमान है : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

घर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा अभियान राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा मंडल बिन्द्रानवागढ़ द्वारा ग्राम परसुली में कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अनिल चन्द्राकर एवं विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री श्री आशीष शर्मा अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा थे। मुख्य वक्ता मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारा मान है, सम्मान है, शान है और अभिमान भी है । भारत देश यशस्वी प्रधानमंत्रीएवं विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेन्द्र भाई मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व के चौथी अर्थ व्यवस्था वाले देश बना है और प्रधानमंत्री



नरेन्द्र भाई मोदी जी को 29 राष्ट्र (देशों) का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने वाले विश्व के सर्वप्रथम नेता हैं, विकासपुरुष में अग्रणी नाम है आज भारतीय सेनाओं का शौर्य विश्व में बढ़ा है, आपरेशन सिन्दूर की सबसे बड़ी कामयाबी है, श्री सिन्हा ने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने के लिए हमारे पूर्वजों ने अनेक बलिदानी दिए हैं । यह भारत का दुर्भाग्य रहा है कि अंग्रेजों से मुक्ति मिली लेकिन तुष्टिकरण के चलते देश का विभाजन हो गया, भारत के टुकड़े हो गए, मुस्लिम लीग के मांग पर पाकिस्तान बन गया 14 अगस्त 1947 का वह दिन काले अक्षर में लिखे इतिहास है । विभाजन की विभीषिका लाखों हिन्दुओं व सीखों के साथ पाकिस्तानी मुस्लिमों ने जो कहर बरपाया था जो वहां से जान बचाकर विस्थापित हुए परिवारों को विभाजन विभीषिका को सुनेंगे तो आपके आँसू निकल जायेंगे ऐसे जान गंवाए हैं भारत को स्वतंत्र कराने वालों को नमन है इसलिए यह तिरंगा यात्रा 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकालना है और हर घर तिरंगा पहराना है, 15 अगस्त शाम को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सम्मान उतार देना । मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अनिल चन्द्राकर ने भी हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया । विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री आशीष शर्मा एवं अध्यक्षता कर रहे बिन्द्रानवागढ़ मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा ने भी तिरंगा यात्रा पर अपने विचार रखे, कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री त्रिलोक सिंह राठौर और आभार व्यक्त मंडल महामंत्री धनंजय नेताम ने किया । इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य फिरतुराम कंवर, सरपंच परसुली श्रीमति लेश्वरी ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमति प्रगति देवांगन, भूषण साहू, गंगूराम साहू, परमेश्वर सेन, इतवारी राम देवांगन, राजेंद्र सिंह राजपूत, पुरूषोत्तम ध्रुव, नरेन्द्र ध्रुव, बिसेलाल ध्रुव, प्रीतम प्रधान सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त प्राचार्य ने जन्मदिवस पर किया पौधा रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

ग्राम रजनकटा निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री जगतराम साहू ने अपना 81वां जन्मदिवस एक प्रेरणादायक पहल के साथ मनाया। उन्होंने थाना परिसर पाण्डुका में छायादार एवं फलदार वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। इस अवसर पर सामूहिक वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, जिसमें आम, पीपल और बरगद के पौधे लगाए गए। श्री साहू ने इस मौके पर कहा कि /"पेड़ लगाना केवल एक काम नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक जिम्मेदारी है। जैसे परिवार का मुखिया अपने बच्चों का पालन-पोषण करता है, वैसे ही हमें अपने लगाए पौधों की भी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अपील की कि जन्मदिन जैसे खास



मौकों पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और उसे अपने माता-पिता या किसी प्रियजन के नाम समर्पित करें।

थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर कहा कि,हर पौधा बने पेड़, हर व्यक्ति बने प्रहरी का संकल्प लेकर सामूहिक वृक्षारोपण किया गया है। उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा को सामाजिक उत्तरदायित्व बताते हुए



सभी को इस दिशा में आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा द्वारा अपराध नियंत्रण की दिशा में जारी अपराध मुक्त समाज की ओर एक कदम पहल की भी जानकारी दी गई। अपराध संबंधी जानकारी देने हेतु **व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94792-25884 जारी किया गया है। इस नंबर पर सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कार्यक्रम में थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम, प्रधान पाठक खेमलाल यादव, साहू समाज अध्यक्ष श्री श्रवण साहू, भाजपा मंडल महामंत्री श्री किशन कंडरा, प्रधान आरक्षक पवन सेन, सैनिक रेखराम साहू, दीनदयाल निषाद, जितेंद्र साहू, देवनारायण साहू, जीवनलाल ध्रुव, लोकेश विश्वकर्मा, शांतिलाल साहू, भवानी शंकर साहू, सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा यात्रा की ग्राम पीपरछेड़ी से भव्य शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

भारत सरकार द्वारा 8 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पीपरछेड़ी से एक प्रेरणादायक शुरूआत देखने को मिली। ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया, सरपंच एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष हरिश साहू के नेतृत्व में यात्रा का आयोजन हुआ। ग्रामवासियों, युवाओं, महिलाओं, बच्चों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इस यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। गांव के हर गली, हर घर में तिरंगा लहराने का संदेश देते हुए यह यात्रा देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आई।



इस अवसर पर सरपंच हरिश साहू ने कहा कि यह अभियान सिर्फ तिरंगा फहराने का नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, एकता और गर्व का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों में तिरंगा फहराकर इस अभियान को सफल बनाएं। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। ग्राम में देशभक्ति गीतों के साथ यात्रा का समापन किया गया। इस यात्रा में नंदजी साहू उपसरपंच, रेखा साहू , पंच गायत्री साहू विष्णुराम साहू, ममता ,माधो राम, दुबे राम,जोहन, अनुज, मानसिंग, परमेश्वर, सुजीत, शायमलाल, रमेश, हिमांशु, सुन्दर, वीरेंद्र,पन्नालाल, किसलाल, ठाकुरराम, केशर, विश्वासा,उदेराम, श्याम, राजेश्वर, प्रकाश साहू सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

# कोई कुपोषित ना हो, गंभीरता से कार्य करें : संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

■ छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग की पहली समीक्षा बैठक हुई

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा ने शुक्रवार को नवा रायपुर स्थित खाद्य आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में खाद्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राज्य में संचालित खाद्य सुरक्षा, पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, फोर्टीफाईड चावल वितरण और राशन दुकानों की कार्यप्रणाली सहित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। श्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ अंतिम हितग्राही तक पहुंचे। खाद्य विभाग राशन दुकानों में निगरानी समिति के गठन की स्थिति, सैंपल प्रदर्शन,



खाद्य आयोग व कॉल सेंटर नंबर की उपलब्धता, फोर्टीफाईड चावल के भंडारण और वितरण, तथा ऑफलाइन दुकानों में नेटवर्क की समस्या जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। अध्यक्ष ने वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत लाभ से वंचित हितग्राहियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग पूरक पोषण आहार योजना के क्रियान्वयन, आंगनबाड़ी केंद्रों में कॉल सेंटर नंबरों के प्रदर्शन, नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में एफआरएस एप के उपयोग संबंधी चुनौतियों पर भी विचार किया गया। अध्यक्ष श्री शर्मा ने राज्य में कोई भी कुपोषित ना हो इसके लिए गंभीरता से कार्य करने की बात कही। स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यान्ह भोजन योजना, केन्द्रीयकृत किचन की निगरानी, स्कूलों में पोषण व स्वच्छता के उपायों की समीक्षा की गई। रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, दुर्ग और धमतरी में संचालित केन्द्रीय रसोई की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई । आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, आश्रमों और छात्रावासों में बीपीएल दर पर खाद्यान्न की आपूर्ति, भोजन की गुणवत्ता और छात्रावास संचालनकताअरं की समीक्षा की गई। सभी छात्रावासों में खाद्य आयोग से संबंधित जानकारी और कॉल सेंटर नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

